दिन– मंगलवार दिनांक– 30 / 04 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि सरकार ने गरीबों को सशक्त बनाया है और पच्चीस करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकाला है। उन्होंने कहा कि उनकी रणनीति गरीबों को सशक्त बनाने की है। एक निजी टीवी चैनल को दिए इंटरव्यू में प्रधानमंत्री ने कहा कि देश ने तीस साल तक गठबंधन सरकारों के दौरान अस्थिरता देखी है। श्री मोदी ने कहा कि आज भारत पर दुनिया का भरोसा बढ़ा है, क्योंकि एक सौ चालीस करोड़ देशवासियों ने एक स्थिर, मजबूत और स्पष्ट बहुमत की सरकार बनाई है।

————————————————————————————

लोकसभा के तीसरे और चौथे चरण के लिए चुनाव प्रचार जोरों पर है। एनडीए और महागठबंधन के नेता अपने–अपने उम्मीदवारों के पक्ष में चुनावी सभाएं और रोड शो कर रहे हैं। जदयू के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज मधेपुरा में चुनावी सभा को संबोधित किया। इसके साथ ही वे सुपौल में रोड–शो करेंगे साथ ही जनसभाएं करेंगे। इनमें झंझारपुर में एक और मधेपुरा में उनकी दो सभाएं होंगी। वहीं, मुख्यमंत्री दो मई तक मधेपुरा में ही रूक कर तीसरे चरण के सीटों पर चुनाव प्रचार करेंगे। दूसरी तरफ, राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव और वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी आज छह जिलों में चुनाव प्रचार करेंगे। दोनों नेता सीवान, सीतामढ़ी, मधुबनी, मुजफ्फरपुर, सुपौल और मधेपुरा में जनसभा को संबोधित करेंगे।

————————————————————————————

लोकसभा चुनाव के पाँचवें और छठे चरण के मतदान के लिए नामांकन पत्र भरने का काम जारी है। कल छठे चरण के लिए छह प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किये। इनमें पूर्वी चंपारण संसदीय क्षेत्र से भाजपा के राधामोहन सिंह, शिवहर लोकसभा क्षेत्र से जदयू की लवली आनंद और वैशाली लोकसभा क्षेत्र से लोजपा, रामविलास की प्रत्याशी वीणा देवी ने नामांकन पत्र दाखिल किया। इस चरण के तहत वाल्मीकिनगर, पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, शिवहर, वैशाली, गोपालगंज, सीवान और महाराजगंज लोकसभा क्षेत्र में पच्चीस मई को मतदान होगा। नामांकन की अंतिम तिथि छह मई है। वहीं, पांचवें चरण के लिए कल विभिन्न लोकसभा क्षेत्रों में पंद्रह प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल

किया। इनमें सारण लोकसभा क्षेत्र से राजद प्रत्याशी रोहिणी आचार्य और हाजीपुर लोकसभा क्षेत्र से शिवचंद्र राम ने नामांकन किया। वहीं, सीतामढ़ी लोकसभा क्षेत्र से भाजपा के बागी श्याम नंदन किशोर ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन किया। पाँचवे चरण के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि तीन मई है।

——————————————————————————

प्रदेश में भीषण गर्मी और उष्ण लहर का प्रकोप जारी है। मौसम विभाग ने आज और कल पूर्णियां, शेखपुरा और भागलपुर जिलों के कुछ स्थानों पर भीषण लू को लेकर रेड अलर्ट जारी किया है। वहीं, पटना, पूर्वी चम्पारण, पश्चिम चम्पारण, मुजफ्फरपुर, दरभंगा, कैमूर, औरंगाबाद, नवादा, लखीसराय, बेगूसराय, खगड़िया, मुंगेर, जमुई और बांका समेत बारह जिले में कुछ स्थानों पर लू को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले तीन से चार दिनों के दौरान राज्य के अधिकतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन की सम्भावना नहीं है, तत्पश्चात अधिकतम तापमान में कमी होने की सम्भावना है। इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान चौवालीस डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ शेखुपरा प्रदेश का सबसे गर्म स्थान रहा। वहीं, राजधानी पटना का अधिकतम तापमान इकतालीस दशमलव छह डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

——————————————————————————

इधर, भीषण गर्मी और लू को देखते हुये प्रदेश के सभी सरकारी अस्पतालों को अलर्ट पर रखा गया। सभी स्वास्थ्य केन्द्रों पर चौबीस घंटे डॉक्टर ऑन कॉल तैनात किये गये हैं। वहीं, चिकित्सकों ने लोगों को भीषण गर्मी से बचाव के लिए दोपहर बारह से तीन बजे के बीच घर से बाहर नहीं निकलने की सलाह दी है। साथ ही घर से बाहर निकलने पर छाता का उपयोग करने या सर पर कपड़ा रखने को कहा है। इसके अलावा पर्याप्त मात्रा में पानी और अन्य स्वास्थ्यवर्धक पेय पदार्थ का सेवन करने की सलाह दी है।

——————————————————————————

रेलवे ने पटना से उज्जैन समेत अलग–अलग राज्यों के लिए विशेष ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। पूर्व मध्य रेलवे के मुख्य जन सम्पर्क अधिकारी बीरेन्द्र कुमार ने बताया कि पटना–उज्जैन स्पेशल ट्रेन कल शाम पांच बजे खुलकर प्रयागराज–कानपुर होते हुये दूसरे दिन शाम सात बजे उज्जैन पहुंचेगी। वहीं, आनंद विहार–गया सुपर फास्ट स्पेशल ट्रेन कल आनंद विहार से बारह बजे दिन में खुलकर अगले दिन सुबह पांच बजे गया पहुंचेगी। सहरसा–नई दिल्ली अनारक्षित स्पेशल ट्रेन कल सुबह सात बजे सहरसा से खुलकर अगले दिन सुबह नई दिल्ली पहुंचेगी। इसके साथ ही पटना और दुर्ग के मध्य चलायी जा रही समर स्पेशल ट्रेन का परिचालन विस्तार गोंदिया तक कर दिया गया है।

शेखपुरा जिले के बरबीघा बाजार स्थित मिशन चौक के पासएक पुराना कोल्ड स्टोरेज में आज तड़के आग गयी। अगलगी की घटना में लाखो रुपए का सामान जल गया।

जमुई जिले के सिकंदरा थाना क्षेत्र की पुलिस ने सिकंदरा जमुई मुख्यमार्ग पर कैथबारा पेट्रोल पंप के पास एक चारपहिया वाहन से सत्रह कार्टन विदेशी शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है।

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।